# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्र में सरकार गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां हुयीं तेज। नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ की बैठक।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिवों के साथ की बैठक। कहा– खाली पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया करें तेज।
- उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने भर्ती परीक्षाओं की संशोधित सूची जारी की। जून से दिसंबर तक चौदह परीक्षाओं का आयोजन करेगा आयोग।
- प्रदेश के कई जिलों में आंधी के बाद बारिश से तापमान में दर्ज की गयी गिरावट। लोगों को गर्मी से मिली राहत। मौसम विभाग ने आज से गर्मी का प्रकोप बढ़ने का जारी किया अलर्ट।

**********

नयी सरकार के गठन को लेकर राष्ट्रीय जनतंत्रित गठबंधन एनडीए ने अपनी गतिविधियां बढ़ा दी है। इसी क्रम में भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। श्री नड्डा के आवास पर हुई इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल, मनसुख मांडविया, प्रहलाद जोशी, अश्विनी वैष्णव भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुग, पार्टी नेता विनोद तावड़े और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जनता दल यूनाइटेड के कई नेता भी दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर पहुंचे। इन बैठकों का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सर्वसम्मत से नेता चुनने के बाद किया गया। आज नई दिल्ली में एनडीए गठबंधन में शामिल सभी दलों के सांसदों की बैठक आयोजित है। इस बैठक में भाजपा, टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी आर, शिव सेना शिंदे गुट, जेडी एस और अन्य सहयोगी दलों के नवनिर्वाचित सांसदों के शामिल होने की उम्मीद है।

**********

इंडिया गठबंधन के नेताओं के बीच कल नई दिल्ली में बैठकों का दौर जारी रहा। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी और पार्टी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। सपा प्रमुख ने दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि अयोध्या में लोगों को मुआवजा नहीं दिया गया इसलिए अयोध्या और आसपास के क्षेत्र में जनता ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया। उन्होंने कहा कि अग्निवीर व्यवस्था तुरंत खत्म होनी चाहिए। जनता ने मुद्दों पर वोट दिया। सरकार बनती, गिरती रहती है, लेकिन संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र मजबूत होना चाहिए। आम आदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शिवसेना उद्धव गुट नेता संजय राउत के साथ बैठक की।

**********

जनता दल यूनाइटेड ने कहा कि उसने नई एनडीए सरकार में मंत्री पद को लेकर कोई शर्त नहीं रखी है। पार्टी प्रवक्ता के.सी. त्यागी ने कल आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया कि भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को सरकार गठन के संबंध में एनडीए गठबंधन में सहयोगी दलों के साथ बात करने की जिम्मेदारी दी गई है।

***नड्डा जी, राजनाथ जी, वो जिम्मेदारी मिली है सहयोगी पार्टियों से बातचीत करके। मंत्री परिषद का आकार तय करने की, उसी सिलसिले में वार्ताएं हो रही हैं, कोई शर्त जेडीयू की नहीं है। जेडीयू की इच्छा है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दें, बटवारें के बाद सभी संसाधन झारखण्ड चले गए थे। बिहार की गरीबी, बेरोजगारी और पलायन का बड़ा कारण वहां की अर्थव्यवस्था है। विशेष राज्य का दर्जा मिलने से रोजगार बढेंगे, पलायन रूकेगा और गरीबी हटेगी।***

**********

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कल सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर उत्तर प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार ज्ञापित किया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "यूपी कांग्रेस के सभी साथियों को मेरा सलाम। मुझे गर्व है आप पर और यूपी की जागरूक जनता पर, जिसने इस देश की गहराई और सच्चाई को समझा और हमारे संविधान को बचाने का ठोस संदेश पूरे भारत को दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद कल शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं। विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना, हर प्रकरण के लिए उनकी जवाबदेही है। अतः समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित करें। विभागीय मंत्रीगणों के साथ बेहतर संवाद–समन्वय बनाये रखें। जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन विभागों में रिक्तियां हैं और नियुक्ति की जानी हैं, वहां तत्काल जानकारी चयन आयोगों को भेजी जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने अनावश्यक बिजली कटौती न करने का निर्देश दिया।

कहा कि ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का अविलंब निस्तारण किया जाए। इसके अलावा नगरों में कहीं भी पेयजल का संकट न होने पाए।

**********

लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने भर्ती परीक्षाओं की संशोधित सूची जारी कर दी है। जून से दिसंबर तक आयोग चौदह परीक्षाओं का आयोजन करेगा। इसके अंतर्गत पीसीएस की प्रारम्भिक परीक्षा सत्ताईस अक्टूबर को होगी। इसके अलावा पेपर लीक होने के चलते ग्यारह फरवरी को निरस्त की गयी समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंम्भिक परीक्षा अब बाइस दिसंबर को आयोजित की जाएगी।

**********

बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के तत्वावधान में राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा दो हजार चौबीस आगामी नौ जून को होगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं। अभ्यर्थी बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। इस बीच बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने से संबद्ध परीक्षा केन्द्रो की सूची जारी कर दी है। इस विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच जिलों के सत्ताइस परीक्षा केन्द्रों पर बारह हजार आठ सौ सत्तावन अभ्यर्थी परीक्षा देगें।

**********

एसिड हमलों के मामले में अब किसी भी स्थिति में कारावास की सजा दस वर्ष से कम नहीं होगी। इसे आजीवन कारावास में बदला जा सकेगा। जुर्माना भी लगाया जा सकेगा। एक जुलाई से देश में लागू हो रहे नये आपराधिक कानून में एसिड हमलों से सम्बन्धित यह प्रावधान शामिल किये गये है। प्रावधान के अनुसार किसी भी व्यक्ति को एसिड फेंकने का प्रयास या किसी अन्य साधन का उपयोग करने का प्रयास करने पर कम से कम पांच साल की सजा होगी, जिसे सात साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। नये कानून में एसिड में वह सभी पदार्थ शामिल हैं, जिसमें अम्लीय या क्षयकारी या जलने की प्रकृति होती है और जो शारीरिक चोट पहुंचाने में सक्षम है।

**********

प्रदेश में कल वट सावित्री अमावस्या के अवसर पर महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति की लंबीआयु की कामना की। अमावस्या के अवसर पर लोगों ने पवित्र नदियों में स्नान कर पूजा–अर्चना के बाद दान–पुण्य किया। प्रयागराज सहित हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर ब्रज घाट और अमरोहा के गंगाधाम तिगरी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा नदी के तट पर पहुंचे और स्नान किया।

**********

देश में पाल नौकायन यानी सेलिंग की पहली लीग प्रतियोगिता गोरखपुर के रामगढ़ताल में आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय सेना, मुख्यालय मध्य कमान और उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वावधान में होगा। इसे लेकर गोरखपुर की कमीशनरी सभागार में सेना तथा प्रदेश सरकार के अधिकारियों की एक बैठक हुई, जिसमें गोरखपुर के मण्डलायुक्त अनिल ढीगरा को लीग प्रतियोगिता का नोडल अधिकारी नामित किया गया। मण्डलायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता नवंबर महीने के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएगी।

**********

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी से जूझ रहे प्रदेश के लगभग सभी जिलों के लोगों को मौसम में आये बदलाव से राहत मिली है। राजधानी लखनऊ, कौशाम्बी, जौनपुर, देवरिया, महराजगंज, गोरखपुर, सुल्तानपुर, आजमगढ़, संतकबीरनगर, एटा समेत कई जिलों में कल तेज हवाओं के साथ हुयी बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। इस बीच मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी कर कहा है कि आज से एक बार फिर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप शुरू हो जायेगा। इसका सबसे ज्यादा असर बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, महोबा, झांसी और आसपास के क्षेत्रों में रहेगा। इस दौरान हवाओं की रफ्तार तेज हो सकती है।

**********